उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 03.03.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन महोबा अवस्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी, आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत दंगा नियंत्रण उपकरणों का कराया गया अभ्यास ।

आज दिनांक 03.03.2023 को शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन महोबा अवस्थित परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली गई सलामी ग्रहण करने के उपरांत पुलिस कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गई एवं टोली बार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए पुलिस कर्मियों को परेड ड्रिल के संबंध में आवश्यक जानकारियां प्रदान की गयी।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुदृढ़ रखने व आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने तथा आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के दृष्टिगत पुलिस लाइन ग्राउंड पर "दंगा नियंत्रण ड्रिल" के प्रशिक्षण एवं अभ्यास का आयोजन किया गया।

पुलसि अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व में अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों में से ही बलवाई बने लोगों (भीड़) को तितर बितर करने हेतु बलवा ड्रिल के अंतर्गत कार्यवाही करायी गयी तथा पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरण रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, टीयर स्मोक सेल, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी एवं बल्वा ड्रिल का डिमॉस्ट्रेशन कराया गया तथा प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया। पुलिस लाइन ग्राउंड में बलवा ड्रिल का रिहर्सल कराया गया जिसके अंतर्गत 09 पार्टियों क्रमशः 1. **LIU** 2. **Civil police** 3. फायर सर्विस 4.अश्रु गैस 5. लाठी पार्टी 6. फायर पार्टी 7. फर्स्ट एड 8. फ़ोटो एवं वीडियो ग्राफी एवं "रिज़र्व पार्टी का गठन कर रिहर्सल कराया गया, दंगा नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों/टैक्टिस का क्रमवार अभ्यास किया गया

अभ्यास के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम, समस्त क्षेत्राधिकारीगण महोबा, प्रतिसार निरीक्षक महोबा, समस्त थाना प्रभारी मय पुलिस फोर्स मौजूद रहे।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 03.03.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद महोबा पुलिस के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों/थाना प्रभारियों के साथ आयोजित की गयी गोष्ठी, दिये गये आवश्यक निर्देश।

आज दिनांक 03.03.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता की अध्यक्षता में होली पर्व, शब-ए-बारात त्यौहारों को जनपद महोबा में शान्तिपूर्ण सकुशल वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों/थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी।

गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद महोबा में होली पर्व एवं शब-ए-बारात पर्व को सुरक्षित एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के सम्बन्ध में चर्चा-परिचर्चा कर त्यौहारों के दौरान शांति व्यवस्था व सामाजिक सौहार्द बनाये रखने सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिये गये जो निम्न हैं।

पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि होली पर्व एवं शब-ए-बारात पर्व के दौरान प्वांइटवार ड्यूटियां लगायी जायें, त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ किये जाने हेतु लगाये गये बैरियर व चेकिंग प्वाइंट चिन्हित कर लिये जाये जिससे कोई अव्यवस्था न होने पाये, होलिका दहन स्थलों के ऊपर विद्युत तारों का निरीक्षण कर लिया जाये, थानावार पोस्टल पार्टी में चेकिंग हेतु अच्छी छवि वाले पुलिस कर्मियों को ही नामित किया जाये, इसके अतिरिक्त होली एवं शब-ए-बारात त्यौहार के सम्बन्ध में शासन/प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में सभी तैयारियां सुनिश्चित करायें, लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी लाइन/कार्यालय श्री उमेश चन्द्र सहित जनपद महोबा के समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहे।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन महोबा मे सभी गार्द कमांडरों का अर्दली रुम कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।













उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 03.03.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में आगामी त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था को अक्षुण बनाये रखने हेतु अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 03.03.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर थानाध्यक्ष श्री गणेश कुमार गुप्ता द्वारा गठित की गयी उ0नि0 सुरेन्द्र नाथ राम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त 1. धर्म सिंह पुत्र बहादुर राजपूत उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम पवा थाना श्रीनगर जनपद महोबा सम्बन्धित केस नं. 602039/09 एनसीआर नं. 120/09 अ.सं.494/2022 धारा 323/504 भादवि न्यायालय **ACJM** महोबा से निर्गत वारण्ट के क्रम में वारण्टी उपरोक्त को ग्राम पवा थाना श्रीनगर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया, बाद गिरफ्तारी आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा जा रहा है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

**1.** उ0नि0 सुरेन्द्र नाथ राम **2.** का0 प्रदीप कुमार मौर्या

### गिरफ्तार अभियुक्त -

धर्म सिंह पुत्र बहादुर राजपूत उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम पवा थाना श्रीनगर जनपद महोबा



# थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में आगामी त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था को अक्षुण बनाये रखने हेतु जनपद में अवैध शस्त्रों की बरामदगी व अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 03.03.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर थानाध्यक्ष श्री गणेश कुमार गुप्ता द्वारा गठित की गयी उ.नि. शशांक देव शुक्ला मय हमराह का0 विपिन सिंह व का0 गंगाचरण के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के भण्डरा तिराहा कस्बा श्रीनगर से अभियुक्त कृष्ण कुमार यादव पुत्र शिवकुमार उम्र करीब 22 वर्ष को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया, बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 46/2023 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

## गिरफ्तार करने वाली टीम:-

1. उ.नि. शशांक देव शुक्ला
2. का0 विपिन सिंह 3. का0 गंगाचरण

## गिरफ्तार अभियुक्त-

कृष्ण कुमार यादव पुत्र शिवकुमार उम्र करीब 22 वर्ष नि.ग्रा. भण्डरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा

## बरामदगी-

एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 03.03.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनपदीय पुलिस बल द्वारा होली एवं शब-ए-बारात पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।

आज दिनांक **03.03.2023** को श्रीमती अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व में एंव अपर पुलिस अधीक्षक महोबा आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस बल द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत होलिका दहन के संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी तथा स्थानीय लोगों से वार्ता कर आपसी सौहार्द बनाए रखनें, अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने तथा व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनको अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने व अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील।



इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए व यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर वाहनों के **68** ई-चालान किये गये।



महोबा पुलिस